# लाख की चूड़ियाँ

Question 1.
लाख की वस्तुएँ सबसे ज्यादा किस राज्य में बनती हैं ?
(a) कर्नाटक
(b) राजस्थान
(c) महाराष्ट्र
(d) पंजाब

▼ Answer

Answer: (b) राजस्थान।

---

Question 2.
बदलू कौन था ?
(a) एक किसान था
(b) एक राज मिस्त्री था
(c) एक मनिहार था
(d) एक वकील था

▼ Answer

Answer: (c) एक मनिहार था।

---

Question 3.
बदलू लेखक को मलाई क्यों नहीं खिला पाया ?
(a) उसके घर में उस समय दूध नहीं था
(b) दूध खराब हो गया था
(c) बेरोजगारी के कारण उसकी गाय बिक चुकी थी
(d) इनमें से कोई नहीं

▼ Answer

Answer: (c) बेरोजगारी के कारण उसकी गाय बिक चुकी थी।

---

Question 4.
वस्तु विनिमय क्या है ?
(a) पैसा देकर वस्तु खरीदना
(b) बाजार से वस्तु न लेना
(c) वस्तु को सीधे उत्पादक से खरीदना
(d) वस्तु के बदले वस्तु लेना

▼ Answer

Answer: (d) वस्तु के बदले वस्तु लेना।

---

Question 5.
'हाथ कटने का' इस कहानी में क्या अर्थ है ?
(a) घायल होना
(b) अपनी बात न कह पाना
(c) हाथों से रोजगार छिनना
(d) काम करने में असमर्थ होना

▼ Answer

Answer: (c) हाथों से रोजगार छिनना।

---

Question 6.
'मशीनी युग' के कारण बदलू के जीवन में क्या बदलाव आया ?
(a) वह बीमार रहने लगा
(b) उसका शरीर ढल गया
(c) वह बेरोजगार हो गया
(d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं।

▼ Answer

Answer: (d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं।

---

काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न

(1)

बदलू का मकान कुछ ऊँचे पर बना था। मकान के सामने वड़ा-सा सहन था जिसमें एक पुराना नीम का वृक्ष लगा था। उसी के नीचे बैठकर बदलू अपना काम किया करता था। बगल में भट्ठी दहकती रहती जिसमें वह लाख पिघलाया करता। सामने एक लकड़ी की चौखट पड़ी रहती जिस पर लाख के मुलायम होने पर वह उसे सलाख के समान पतला करके चूड़ी का आकार देता। पास में चार-छह विभिन्न आकार की वेलननुमा मुँगेरियाँ रखी रहतीं, जो आगे से कुछ पतली और पीछे से मोटी होतीं। लाख की चूड़ी का आकार देकर वह उन्हें मुंगेरियों पर चढ़ाकर गोल और चिकना बनाता और तब एक-एक कर पूरे हाथ की चूड़ियाँ बना चुकने के पश्चात् वह उन पर रंग करता।

Question 1.
बदलू का मकान किस प्रकार का था ?
(a) खपरैल का बना हुआ था
(b) घास-फूंस का बना हुआ था
(c) कुछ ऊँचाई पर बना था, जिसका वड़ा-सा आँगन था, जहाँ पुराना नीम का पेड़ लगा हुआ था
(d) लकड़ी का बना हुआ था

▼ Answer

Answer: (c) कुछ ऊँचाई पर बना था, जिसका बड़ा-ता आँगन था, जहाँ नीम का पुराना पेड़ लगा हुआ था।

---

Question 2.
बदलू कहाँ बैठकर लाख की चूड़ियाँ बनाया करता था ?
(a) चौपाल के भीतर
(b) बदलू नीम के पेड़ के नीचे बैठकर लाख की चूड़ियाँ बनाया करता था

(c) दालान में बैठकर
(d) कमरे में बैठकर

▼ Answer

Answer: (b) बदलू नीम के पेड़ के नीचे बैठकर लाख की चूड़ियाँ बनाया करता था।

---

Question 3.
बदलू किससे चूड़ियाँ बनाता था ?
(a) बदलू काँच से चूड़ियाँ बनाता था
(b) बदलू हाथी दाँत से चूड़ियाँ बनाता था
(c) बदलू प्लास्टिक से चूड़ियाँ बनाता था
(d) वह लाख से चूड़ियाँ बनाता था

▼ Answer

Answer: (d) वह लाख से चूड़ियाँ बनाता था।

---

Question 4.
बदलू चूड़ियों को किस प्रकार गोल आकार देता था ?
(a) चार-छह मुँगेरियों पर चढ़ाकर
(b) साँचे में दबाकर
(c) हाथों से दवाकर
(d) लोहे के छल्लों से

▼ Answer

Answer: (a) र-छह मुँगेरियों पर चढ़ाकर
चार-छह मुँगेरियों पर चढ़ाकर चूड़ी का आकार देता।

---

Question 5.
बदलू चूडियों पर रंग कब करता था ?
(a) एक-एक चूड़ी बनाने के बाद
(b) दिन भर चूड़ी बनाने के बाद
(c) एक-एक कर पूरे हाथ की चूड़ियाँ बनाने के वाद
(d) पूरे सप्ताह काम करने के बाद

▼ Answer

Answer: (c) एक-एक कर पूरे हाथ की चूड़ियाँ बनाने के बाद।

---

(2)

बदलू मनिहार था चूड़ियाँ बनाना उसका पैतृक पेशा था और वास्तव में वह बहुत ही सुंदर चूड़ियाँ बनाता था। उसकी बनाई हुई चूड़ियों की खपत भी बहुत थी। उस गाँव में तो सभी स्त्रियाँ उसकी बनाई हुई चूड़ियाँ चूड़ियाँ ले जाते थे। परंतु वह कभी भी चूड़ियों को पैसों से बेचता न था। उसका अभी तक वस्तु-विनिमय का तरीका था और लोग अनाज के बदले उससे चूड़ियाँ ले जाते थे। बदलू स्वभाव से बहुत सीधा था। मैंने कभी भी उसे किसी से झगड़ते नहीं देखा। हाँ, शादी-विवाह के अवसरों पर वह अवश्य जिद पकड़ जाता था। जीवन भर चाहे कोई उससे मुफ्त चूड़ियाँ ले जाए, परंतु विवाह के अवसर

पर वह सारी कसर निकाल लेता था। आखिर सुहाग के जोड़े का महत्त्व ही और होता है। मुझे याद है-मेरे मामा के यहाँ किसी लड़की के विवाह पर जरा-सी किसी बात पर बिगड़ गया था और फिर उसको भनाने में लोहे लग गए थे। विवाह में इसी जोड़े का मूल्य इतना बढ़ जाता था कि उसके लिए उसकी घरवाली को सारे वस्त्र मिलते, ढेरों अनाज मिलता, उसको अपने लिए पगड़ी मिलती और रुपये जो मिलते सो अलग।

Question 1.
चूड़ियाँ बनाना बदलू का कैसा पेशा था ?
(a) चूड़ियाँ बनाना बदलू का खानदानी पेशा नहीं था
(b) चूड़ियाँ बनाना बदलू का पैतृक अर्थात् खानदानी पेशा था
(c) चूड़ियाँ बनाना बदलू का मजबूरी का काम था
(d) बदलू ने चूड़ियाँ बनाना शहर में जाकर सीखा था

▼ Answer

Answer: (b) चूड़ियाँ बनाना बदलू का पैतृक अर्थात् खानदानी पेशा था।

---

Question 2.
उसकी चूड़ियों की खपत कैसी थी ?
(a) बहुत कम
(b) कभी-कभी बिक्री हो जाती थी
(c) आसपास की स्त्रियाँ उसकी बनाई चूड़ियाँ नहीं पहनती थीं
(d) उसकी बनाई चूड़ियों की खपत खूव थी, क्योंकि गाँव की तथा आस-पास के गाँव की स्त्रियाँ उसी की बनाई चूड़ियाँ पहनती थीं

▼ Answer

Answer: (d) उसकी बनाई चूड़ियों की खपत खूब थी, क्योंकि गाँव की तथा आस-पास के गाँव की स्त्रियाँ उसी की बनाई चूड़ियाँ पहनती थीं।

---

Question 3.
वह चूड़ियाँ किस प्रकार देता था ?
(a) रुपयों के बदले
(b) उधार में
(c) किसी भी सामान के बदले
(d) बदलू अनाज के बदले चूड़ियाँ देता था, वह चूड़ियों को पैसों से नहीं वेचता था

▼ Answer

Answer: (d) बदलू अनाज के बदले चूड़ियाँ देता था, वह चूड़ियों को पैसों से नहीं बेचता था।

---

Question 4.
बदलू का स्वभाव कैसा था ?
(a) बदलू का स्वभाव अच्छा था, वह कभी किसे से झगड़ता नहीं था।
(b) झगड़ालू
(c) बहस करने वाला
(d) रूखा स्वभाव

▼ Answer

Answer: (a) बदलू का स्वभाव अच्छा था, वह कभी किसी से झगड़ता नहीं था।

---

Question 5.
सुहाग के जोड़े के बदले 'बदलू' को क्या-क्या मिलता था ?
(a) सुहाग के जोड़े के बदले बदलू को पगड़ी, अनाज और उसकी पत्नी को सारे वस्त्र मिलते थे, रुपये गिलते सो अलग
(b) केवल पगड़ी
(c) केवल अनाज
(d) केवल रुपये

▼ Answer

Answer: (a) सुहाग के जोड़े के वदले बदलू को पगड़ी, अनाज और उसकी पत्नी को सारे वस्त्र मिलते थे, रुपये मिलते सो अलग।

---

(3)

यदि संसार में बदलू को किसी बात से चिढ़ थी तो वह थी कांच की चूड़ियों से। यदि किसी भी स्त्री के हाथों में उसे काँच की चूड़ियाँ दिख जाती तो वह अंदर-ही-अंदर कढ़ उठता और कभी-कभी तो दो-चार बातें भी सुना देता। मुझसे तो वह घंटों बातें किया करता। कभी मेरी पढ़ाई के बारे में गूछता, कभी मेरे घर के बारे में और कभी यों ही शहर के जीवन के बारे में। मैं उससे कहता कि शहर में सव काँच की चूड़ियाँ पहनते हैं तो वह उत्तर देता, "शहर की बात और है, लला! वहा! तो सभी कुछ होता है। वहा! तो औरतें अपने मरद का हाथ पकड़कर सड़कों पर घूमती भी हैं और फिर उनकी कलाइयाँ नाजुक होती हैं न! लाख की चूड़ियाँ पहनें तो मोच न आ जाए।"
कभी-कभी बदलू मेरी अच्छी खासी खातिर भी करता जिन दिनों उसकी गाय के दूध होता वह सदा मेरे लिए मलाई बचाकर रखता और आम की फसल में तो मैं रोज ही उसके यहाँ से दो-चार आम खा आता। परंतु इन सब बातों के अतिरिक्त जिस कारण वह मुझे अच्छा लगता वह यह था कि लगभग रोज ही वह मेरे लिए एक-दो गोलियाँ बना देता।

Question 1.
संसार में बदलू को किस बात से चिढ़ थी ?
(a) टोका-टोकी करने वालों से
(b) प्रशंसा करने वालों से
(c) चूड़ियाँ बनाने वालों से
(d) काँच की चूड़ियों से

▼ Answer

Answer: (d) काँच की चूड़ियों से।

---

Question 2.
किसी भी स्त्री के हाथों में काँच की चूड़ियाँ देखकर बदलू को कैसा लगता था ?
(a) वह अंदर-ही -अंदर कुड उठता और कभी -कभी तो दो-चार बातें भी सुना देता
(b) प्रसन्न होता
(c) ईर्ष्या करता
(d) बढ़ावा देता

▼ Answer

Answer: (a) वह अंदर-ही-अंदर कुढ़ उठता और कभी-कभी तो दो-चार बातें भी सुना देता।

---

Question 3.
बदलू के अनुसार शहर की औरतें लाख की चूड़ियाँ पहनें तो क्या प्रभाव हो ?
(a) अच्छी लगें
(b) सब खुश हो जाएँ
(c) शहर की औरतें लाख की चूड़ियाँ पहनें तो मोच न आ जाए
(d) उसकी बिक्री बढ़े

▼ Answer

Answer: (c) शहर की औरतें लाख की चूड़ियाँ पहनें तो मोच न आ जाए।

---

Question 4.
बदलू लेखक के लिए क्या बचाकर रखता ?
(a) बदलू लेखक के लिए मलाई बचाकर रखता
(b) अमरूद
(c) जलेबी
(d) दूध

▼ Answer

Answer: (a) बदलू लेखक के लिए मलाई बचाकर रखता।

---

Question 5.
बदलू लेखक को किस कारण बहुत अच्छा लगता था ?
(a) बदलू लेखक को आम खिलाता था
(b) चूड़ियाँ बनानी सिखाता था
(c) लगभग रोज ही लेखक के लिए एक-दो गोलियाँ बना देता
(d) कहानियाँ सुनाता था

▼ Answer

Answer: (c) लगभग रोज ही लेखक के लिए एक-दो गोलियाँ बना देता।

---